


# बस स्टैंड पर कांग्रेस ने दिया धरना

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 8 अप्रैल।** सेंवढ़ा क्षेत्र में 2-3 अप्रैल को हुई ओलावृष्टि, आंधी,बारिश से लगभग 50 गांव में गेहूं व उद्यानिकी फसलों में भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान दुखी व परेशान हैं, भाजपा की किसान विरोधी सरकार को चेताने के लिए आज बुधवर को सेंवढ़ा बस स्टैंड पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेंवढ़ा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थरेट द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि धरना प्रदर्शन को संबोधित कर व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों की फसल में शत प्रतिशत नुकसान हुआ है। ग्राम रूहेरा में डॉक्टर रघुवीर कुशवाहा के लहसुन के खेत में पानी भरने से फसल खराब हो गई है। हमारी मांग है कि उद्यानिकी फसलों में हुये नुकसान का भी आंकलन होना चाहिए।

मैने भ्रमण के दौरान गांवों में देखा कि सर्वे दल खेतों पर जाकर फसलों में हुए नुकसान का आंकलन नहीं कर रहे हैं, गांव में एक जगह बैठकर या गांव के सरपंच के घर बैठ कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं जो पूरी तरह गलत है। सर्वे का काम अधितकम 10 दिन में पूरा कर लेना चाहिए और सर्वे सूची को गांव के चौपाल पर पढ़कर सार्वजनिक करना चाहिए। धरना प्रदर्शन को गजानंद तिवारी प्रदेश अध्यक्ष सेवादल यंग बिग्रेड, जनवेद सिंह कुशवाह, जयवेंद्र सिंह परिहार,हरिमोहन गुर्जर,थरेट ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष जाटव, प्रांजुल सिंह चौहान, जसवंत सिंह बघेल, कैलाश नेताजी, चन्द्रभान सिंह चौहान, छोटे महाते, ओमजी गुर्जर, रामेश्वर चौबे, बादशाह खान,मोहन कुशवाह, मंजू गौतम आदि ने संबोधित किया।

धरना प्रदर्शन के पश्चात मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सेंवढ़ा एसडीएम को सौंपा गया। राशियां शीघ्र किसानों के खातों में डाली जावें।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 15 से

**दतिया, 8 अप्रैल।** जिला आपूर्ति अधिकारी दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के गेहूं का उपार्जन शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस 40 रूपये की दर पर निर्धरित अवधि 15 अप्रैल 2026 से किया जाना है। जिले के समस्त कृषक अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र पर अपनी गेहूं की फसल विक्रय करने हेतु स्टॉट बुक कर अपनी फसल कर विक्रय कर सकते हैं, जिस हेतु कृषकों को स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपार्जन प्रारंभ के लगभग एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध रहेगी। पंजीकृत किसान स्वयं के मोबाईल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा गारंटी, इंटरनेट कैफे आदि से स्लॉट बुक कर सकते हे। स्लॉट बुकिंग की वैधता 7 दिवस रहेगी। कृषक को अपनी उपज एक बार में ही स्लॉट बुक कर विक्रय करनी होगी।

# बच्चे मन से खेलें और अपने विद्यालय व गांव का नाम रोशन करें : गुप्ता

(ग्राम भारती जिला दतिया का आयोजन)




**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 8 अप्रैल।** विद्या भारती मध्यभारत द्वारा मार्गशर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला दतिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सानंद सम्पन्न हुई। जिला सहसचिव राजेश गुप्ता ने कहा कि सभी भैया बहिनों को खेल कूद में जीतने पर बधाई। आगे पूरा प्रयास करके मनसे खेलें। और अपना अपने विद्यालय गांव का नाम रोशन करें।

समिति सदस्य शर्मा ने कहा सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय में पढ़ाई के साथ साथ भारतीय संस्कृति और समाज चेतना की शिक्षा दी जाती है। भैया बहिन नियमित उपस्थिति देकर खूब पढ़ाई करें। अन्य विद्यालयों की अपेक्षा अपने विद्यालय में सामाजिक समरसता कुटुम्ब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा दी जाती है। जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्याभारती मध्यभारत प्रांत द्वारा सम्पूर्ण प्रांत में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय से अखिल भारतीय स्तर तक की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कर हमारे छात्र एसजीएफ आई में शामिल होते हैं जो एक गौरव की बात है।

विद्यालय के संयोजक रामसेवक सोनी ने कहा कि जिले से आए सभी भैया बहिनों को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं।आप सभी प्रांत में जाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। दौड़, लम्बी-ऊंची कूद, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताएं सानंद सम्पन्न हुई। प्रथम स्थान प्राप्त छात्र प्रांत पर खेलने जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह रावत ने किया। अतिथि स्वागत मनीष सिहारे एवं राममिलन सिंह कुशवाह ने किया। आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रसाद राठौर ने किया।

## दो शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया, 8 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक दतिया से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा - 17 (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लायसेंसधारक करिश्मा रावत पत्नि विनोद रावत निवासी राव बुजुर्ग थाना बड़ौनी और लायसेंसधारक सुभाष पिता श्री राधेश्याम दांगी निवासी सीतासागर रोड़ झांसी वायपास दतिया द्वारा लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने तथा लायसेंसी शस्त्र से क्षेत्र में दशहत फैलाने का कृत्य किये जाने तथा लायसेंसधारी पर आरोपित आपराधिक प्रकरण के अंतिम निराकरण की अवधि के लिए निलंबित किया है।

# छोटी उम्र से ही अच्छी आदतें अपनाने बीमारियों से बचाव संभव है : वर्मा

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने बच्चों को पढ़ाया स्वास्थ्य जीवन का पाठ**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 8 अप्रैल।** जिले में संचालित 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया डॉ. बी.के. वर्मा ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय, रिछरा फाटक दतिया में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 30 छात्र-छात्राओं से सीधे चर्चा कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों की कक्षा लेते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को नियमित दिनचर्या, स्वच्छता बनाए रखने और संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र से ही अच्छी आदतें अपनाने से भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर विशेष रूप से किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया।

डॉ. वर्मा ने बताया कि यह टीका गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक है और समय पर टीकाकरण कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका डॉ. वर्मा ने सरल और समझने योग्य भाषा में उत्तर दिया। कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टाफ के चार सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों और किशोरियों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास लगातार जारी है, जिससे एक स्वस्थ समाज की नींव मजबूत हो सके।

# सुशासन भाजपा का मूलमंत्र है : पिरौनिया

**परासरी गांव में आयोजित हुआ गांव चलो बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**
**उन्नाव, 8 अप्रैल।** भाजपा के स्थापना दिवस से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती तक चलाये जा रहे गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत आज परासरी गाँव मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा की गई।

इस अवसर पर ग्रामीणजनों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की प्रेरणा से सनातन के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य कर रही है।अंत्योदय के दर्शन और सुशासन के मंत्र के साथ देश व प्रदेश में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का कल्याण हमारी पार्टी द्वारा किया जा रहा है। बड़ी संख्या में गैर राजनीतिक युवाओ व महिलाओं को संगठन से जोड़कर लंबी श्रंखला खड़ी करनी है।इस अवसर पर स्थानीय बरिष्ठ कार्यकर्ताओ व संबल लाभार्थियों का सम्मान भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच नीलम



जाहर सिंह परिहार, नारायण यादव,सहित अनेकों कार्यकर्ता पिरौनिया, बंटी कमरिया, राधेश्याम उपस्थित रहे।



## कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को घर-घर पहुंचाएं : शर्मा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 8 अप्रैल।** उदगवा मंडल में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादवजी, मंडल अध्यक्ष हरीराम पाल, मंडल उपाध्यक्ष दीपक शर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता मनीराम शर्मा,ने कहा भाजपा केवल एक रजनीतिक दल नही बल्कि रष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सश्क्त संगठन है कार्यकर्ता पार्टी की नीतियो और सिद्धांतो को घर-घर तक पहुंचाये

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता, रमेश नायक मंडल महामंत्री बलवीर चौहान, नंदकिशोर यादव, मंडल उपाध्यक्ष, लखन यादव ,करण सरपंच उदगुवा राममिलन यादव युमोमं उपाध्यक्ष संजय वशकार ,वीरेंद्र परिहार वीरेंद्र प्रजापति कमलेश चौबे कपिल पांडे कपिल यादव, कल्लू यादव नेताजी, जुगल चौबे, प्रशांत तिवारी, महिपाल दाऊ जितेंद्र बुंदेला, राज परमार दाऊ साहेब, मुकेश प्रजापति, मन बात प्रभारी सुरेन्द्र चंदेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता नेपाल सिंह चौहान, बूथ अध्यक्ष कटीली रामजीलाल पाल, नुनवाहा बूथ अध्यक्ष शिवकुमार कुशवाह, मीडिया प्रभारी आकाश अहिरवार नुनवाहा, भाजपा कार्यकर्ता, राकेश यादव, जयशंकर मिश्रा मीडिया प्रभारी, हरिराम पाल आदि उपस्थित थे।

## किसानों के समर्थन में कांग्रेस का आंदोलन आज

**दतिया, 8 अप्रैल।** प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान बहुत परेशानियों से जूझ रहे हैं जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर ने कहा कि ओलावृष्टि एवं अधिक वर्षा से हुए फसलों का नुकसान का मुआवजा देने तथा भाजपा सरकार द्वारा गेहूं उपार्जन की तारीखों में बार-बार हो रहे बदलाव के विरोध में श्री गुर्जर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश कि भाजपा सरकार कि किसान विरोध नीतियों के विरोध में 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर किसानों के समर्थन में भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया

इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के संयुक्त नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन पर 9 अप्रैल को 12 बजे सभी कांग्रेसजन एकत्रित होकर न्यू कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा। कलेक्टर कार्यालय घेराव कर प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# किसानों के बीच पहुंचे जीतू

▸ राज्यव्यापी विरोध की चेतावनी

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को विदिशा की कृषि उपज मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी उपज बेचने आए किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।**

भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि किसानों के कल्याण के दावे केवल विज्ञापनों और होर्डिंग्स तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत में किसान भारी



परेशानी झेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस विदिशा का संसद में प्रतिनिधित्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करते हैं, वहीं के किसान सबसे अधिक निराश हैं. पटवारी ने कहा कि किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में खड़े हैं, लेकिन अभी तक गेहूं की खरीदी शुरू नहीं हुई है।

उनका आरोप है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा और उन्हें लगभग 2200 रुपये प्रति क्विंटल के कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 'राष्ट्रीय कृषि मेले' में शामिल होने की घोषणा भी की, जहां वे किसानों की वास्तविक स्थिति को सामने रखने की बात कही। पटवारी ने खरीदी में देरी को प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि किसानों के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल तक सुचारू खरीदी शुरू नहीं हुई तो कांग्रेस भोपाल से उज्जैन तक ट्रैक्टर रैली निकालेगी.

## मुल्ताई नपाध्यक्ष को कोर्ट से राहत

**जबलपुर 8 अप्रैल.** मप्र हाईकोर्ट से बैतूल की मुलताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुलताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने कहा गया था। नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल एवं अधिवक्ता ऐश्वर्य नंदिनी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त 2022 को अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ था। इसमें नीतू को 15 में से 9 वोट मिले थे, जबकि वर्षा गडेकर को 6 वोट मिले थे। वर्षा ने नीतू के निर्वाचन के खिलाफ जिला अदालत में चुनाव याचिका दायर की थी।

## गेहूं खरीदी मुद्दे पर सरकार पर बरसे सिंघार

**भोपाल, 8 अप्रैल.** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंगलवार को गेहूं खरीदी में हो रही देरी, न्यायिक मामलों और राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है. गेहूं खरीदी को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि तिथियों में लगातार बदलाव किया गया है पहले मार्च, फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब 9 अप्रैल घोषित की गई है. इस बीच असमय बारिश से फसल को नुकसान हो रहा है, जिससे किसान परेशान हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही लगातार किसानों की आवाज उठा रही है और इस संबंध में मुख्यमंत्री को कई बार पत्र भी लिखे गए हैं.

# 87 कैदी समय से पहले होंगे रिहा

**भोपाल, 8 अप्रैल. मध्यप्रदेश सरकार ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर बड़ा निर्णय लेते हुए 87 आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों को समय से पहले रिहा करने की घोषणा की है, जबकि 7 अन्य बंदियों की सजा में विशेष छूट दी जाएगी.**

यह फैसला राज्य के गृह विभाग द्वारा लिया गया है और इसका उद्देश्य अच्छे आचरण वाले कैदियों को प्रोत्साहित करना है। यह रिहाई 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर होगी। सरकार हर साल पांच प्रमुख अवसरों—26 जनवरी, 14 अप्रैल, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर और 15 नवंबर—पर इस तरह की रियायत देती है, ताकि जेलों में अनुशासन बना रहे और बंदियों को सुधार का अवसर मिल सके।

राज्य सरकार ने अंबेडकर जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने की भी योजना बनाई है। 8 से 14 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि राज्य स्तरीय मुख्य समारोह भिंड में होगा।

सरकार का मानना है कि समयपूर्व रिहाई से बंदियों के पुनर्वास में मदद मिलती है और वे समाज में दोबारा बेहतर जीवन शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही जेलों में बढ़ती भीड़ (ओवरक्राउडिंग) को कम करने में भी यह कदम सहायक होता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गणतंत्र दिवस 2026 पर भी 94 बंदियों को इसी तरह राहत दी गई थी.कुल मिलाकर, यह निर्णय सामाजिक पुनर्वास, सुधारात्मक न्याय और प्रशासनिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# शहरों में 25 दिनों में मिलेंगे गैस सिलेंडर

## मंत्रिमंडल समिति की बैठक में दी गई जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 8 अप्रैल.** प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग शहरों में 25 दिन और गांवों में 45 दिन के अंतराल में की जा रही है. वर्तमान में गैस बुकिंग की संख्या सामान्य है, जिसकी पूर्ति नियमित रूप से की जा रही है. प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है.

जिन घरों तक पाईप लाइन पहुंच गई है, उन घरों में पीएनजी कनेक्शन दिये जा रहे है. पिछले 1 दिन में 225 नवीन पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं. यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम एवं मध्यपूर्व देशों की स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा के लिये गठित मंत्रिमण्डल समिति की मंत्रालय में हुई बैठक में दी गई. बैठक में समिति ने प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति की समीक्षा की. सदस्यों ने कहा कि किसी भी स्तर की अनियमित्ता एवं कालाबाजारी पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही करें. शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें.

बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी मौजूद थे.

### 3872 सिलेंडर हुए जब्त

बैठक में ऑयल कम्पनी के स्टेट नोडल ऑफिसर ने बताया कि वर्तमान में भारत सरकार के निर्देशानुसार 70 प्रतिशत की सीमा के अधीन कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे है. शुरूआत में 20 प्रतिशत इनकी आपूर्ति हो रही थी. प्रदेश में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है. अभी तक 3226 स्थानों पर कार्यवाही कर 3872 सिलेंडर जब्त किये गये है और 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है.

# प्रदेश में संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ी कार्रवाई

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल 7 अप्रैल. मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में बीते एक सप्ताह के दौरान संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति बरामद की है।**



इंदौर ग्रामीण के किशनगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई लूट की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा किया। विशेष जांच दल ने सीसीटीवी विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को राजस्थान के अजमेर तक ट्रेस कर स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 31 लाख 68 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की गई।

एक अन्य कार्रवाई में इंदौर पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से एक अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार कर लगभग 25 लाख रुपये के आभूषण एवं वाहन जब्त किए। टीकमगढ़ में चोरी की घटनाओं में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर 18 लाख 88 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की गई। कटनी में 13 लाख रुपये की चोरी का मामला कुछ ही घंटों में सुलझा लिया गया।

इसी प्रकार उज्जैन, विदिशा, भिंड एवं उमरिया में भी चोरी के मामलों का खुलासा कर लाखों रुपये की संपत्ति बरामद की गई।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में उतार-चढ़ाव, 34 जिलों में अलर्ट

**भोपाल 8 अप्रैल.** मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है. नए सक्रिय मौसम सिस्टम के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने 9 अप्रैल तक के लिए अलर्ट जारी किया है, जिसमें भोपाल, ग्वालियर सहित 34 जिले शामिल हैं. मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में हवा की गति 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है. खासकर दोपहर बाद मौसम अचानक बदल सकता है, जिससे तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है. उत्तर और पूर्वी मध्य प्रदेश में इस सिस्टम का प्रभाव अधिक रहने की संभावना जताई गई है. मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, भोपाल, उज्जैन, सागर, रीवा, सतना और शहडोल सहित कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है.

# सोगरिया-धनबाद के बीच विशेष ट्रेन का संचालन

**भोपाल 8 अप्रैल।** यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल होकर सोगरिया-धनबाद-सोगरिया के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-धनबाद) दिनांक 16.04.2026 से 09.07.2026 तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों में सोगरिया से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर गुना 02.20 बजे एवं अशोकनगर 03.05 बजे आगमन कर तीसरे दिन शनिवार को रात्रि 03.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 (धनबाद-सोगरिया) दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों में धनबाद जंक्शन से 05.15 बजे प्रस्थान कर दुसरे दिन रविवार को अशोकनगर 02.00 बजे एवं गुना 03.35 बजे आगमन कर प्रात: 07.35 बजे सोगरिया पहुँचेगी।

यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में सोगरिया, बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, और गया में रुकेंगी.

### 1414 ऑनलाइन दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड जारी किए

भोपाल रेल मंडल ने शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कुल 1414 ऑनलाइन दिव्यांग रेलवे रियायत कार्ड जारी किए हैं. यह कदम भारतीय रेलवे की उस पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को यात्रा में अधिक सुविधा और आर्थिक राहत प्रदान करना है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में यह कार्य सफलतापूर्वक किया गया.